उद्यम प्रोत्साहन संस्थान

कार्यालय आयुक्त, उद्योग विभाग, उद्योग भवन,

तिलक मार्ग, राजस्थान, जयपुर–5

पत्रांक : **एफ1(2)यूपीएस/इण्ड/56** भोग/टेण्डर/2022 दिनांक : 29.11.2022

:: निविदा सूचना ::

आयुक्त उद्योग, वाणिज्य एवं अध्यक्ष, उद्यम प्रोत्साहन संस्थान, राजस्थान सरकार द्वारा प्रायोजित **"56 भोग–2022** का आयोजन जयपुर में दिनांक **09.12.2022 से 12.12.2022 तक** किया जाना है। निम्नलिखित कार्यो हेतु अनुभवी ठेकेदार/फर्मों से सीलबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उनके सामने अंकित दिनांक को दोपहर 1.30 बजे तक प्राप्त कर, उसी दिन अपरान्ह 3.30 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा के साथ अमानत राशि डिमाण्ड ड्राफ्ट से जमा कराना आवश्यक हैं, बिना अमानत राशि के निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। अद्योहस्ताक्षरकर्ता को बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार होगा।

| क. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | निविदा शुल्क | अमानत राशि | निविदा फार्म प्रस्तुत करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अरबन हाट, जयपुर में टेन्टेज, लाईट, डेकोरेशन, साउण्ड सिस्टम एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए स्टेज का टेण्डर (जी–शेड्यूल के अनुसार) | **3.00 लाख रू.** | **200/–** | **6,000/–** | **06.12.2022 (मध्यान्ह 1.30 तक)** |

01. निविदा प्रपत्र संस्थान कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में कमरा नम्बर 210 से प्रातः 10.00 बजे से सायंकाल 4.00 बजे तक निविदा शुल्क जमा कराने के उपरान्त प्राप्त किये जा सकते है।
02. निविदा प्रस्तुत करने की तिथि को यदि राजकीय अवकाश हो तो आगामी कार्य दिवस को निविदा प्राप्त की जा कर खोली जावेगी।
03. उक्त निविदा प्रपत्र विभाग की वेबसाईट industries.rajasthan.gov.in और sppp.rajasthan.gov.in पर भी उपलब्ध है। निविदा दाता उन्हें प्रयोग कर सकते है किन्तु निविदा शुल्क का ड्राफ्ट निविदा के साथ अलग से संलग्न करे अन्यथा निविदा मान्य नहीं होगी।

29/11/2022

अधिशासी निदेशक
उद्यम प्रोत्साहन संस्थान
जयपुर

**निविदा शुल्क : 200/—**

उद्यम प्रोत्साहन संस्थान,
उद्योग विभाग, उद्योग भवन, तिलक मार्ग,
राजस्थान, जयपुर—302005

टेन्टेज, लाईट, डेकोरेशन, साउण्ड सिस्टम के लिए टेण्डर फार्म —

| | |
|---|---|
| निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि/समय | 06.12.2022 1.30 पी.एम |
| निविदा खोलने की तिथि/समय | 06.12.2022 3.30 पी.एम |

56 भोग .— 2022 दिनांक 09.12.2022 से 12.12.2022 तक के लिए प्रकाशित निविदा संख्या **एफ1(2)यूपीएस/इण्ड/56 भोग/टेण्डर/2022** के अन्तर्गत निविदा आवेदन पत्र

अधिशासी निदेशक
उद्यम प्रोत्साहन संस्थान
जयपुर ।

संदर्भ : निविदा संख्या **एफ 1 (2) यूपीएस/इण्ड/56 भोग/टेण्डर/2022** दिनांक 30.11.2022

महोदय,

1. आप द्वारा प्रकाशित निविदा क्रमांक ए **एफ1( )यूपीएस/इण्ड/56 भोग/टेण्डर/2022** में दी गई सभी शर्तों की पालना के लिए मैं पूर्ण रूप से सहमत हूं। निविदा की शर्तों सम्बन्धी संलग्न प्रत्येक पृष्ठ पर फार्म के मालिक/साझेदार के हस्ताक्षर हैं।
2. टेण्डर शुल्क राशि रु. 200/— रसीद संख्या ...................... दिनांक ............... से जमा करवाई जा चुकी है।
3. आप द्वारा प्रकाशित निविदा के संदर्भ में मेरी/हमारी फर्म की दरें संलग्न है।
4. आर्डर मिलने पर निविदा सम्बन्धी समस्त कार्य पूर्ति दिनांक 08.12.2022 तक पूर्ण कर दिया जावेगा ।
5. मेरे/हमारी द्वारा दी गई दरें 31.03.2023 तक मान्य होगी/यह तिथि अपने आपसी समझौते के आधार पर बढ़ाई जा सकती है।
6. धरोहर राशि के लिए बैंक ड्राफ्ट/नकद दिनांक .................... राशि 6000/— के नाम उद्यम प्रोत्साहन संस्थान के नाम से संलग्न है।
7. विशेष विवरण।

स्थान :

दिनांक :

हस्ताक्षर
फर्म का नाम एवं पूर्ण पता :
मोबाईल नं. :
ई—मेल :

एस. एस. शाह
अधिशासी निदेशक
उद्यम प्रोत्साहन संस्थान

# कार्य का विवरण

| क्र. सं. | कार्य का नाम एवं विवरण | एक मुश्त दर |
|---|---|---|
| 1 | राजस्थान हाट, जयपुर में टेन्टेज, लाईट, डेकोरेशन, साउण्ड सिस्टम एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम और हेतु स्टेज के लिए टेण्डर (जी–शेड्यूल के अनुसार) | |

नोट

01. दरों में जीएसटी सम्मिलित है अथवा नहीं, का स्पष्ट उल्लेख करना होगा।
02. उल्लेखित उपापन में जीएसटी दर का उल्लेख किया जाना अनिवार्य है।
03. पानी अच्छी गुणवत्ता तथा R.O. वाला रहेगा।
04. विद्युत व्यवस्था हेतु निविदादाता को 2 अनुभवी इलेक्ट्रिशियन मेला अवधि में मेला परिसर में रखने होंगे।
05. साउण्ड व्यवस्था हेतु निविदादाता को 1 अनुभवी कर्मी को मेला अवधि में मेला परिसर में रखना होगा।
06. G–SCHEDULE में उल्लेखित सामग्री को आवश्यकतानुसार घटाया–बढ़ाया जा सकता है।

एस. एस. शाह
अधि... निदेशक
उद्यम प्रोत्साहन संस्थान

## निविदा की शर्तें

निविदादाता को निविदा भरते समय इन शर्तों का अध्ययन कर निर्धारित प्रपत्र में कार्य का पूर्ण विवरण देते हुए निविदा प्रस्तुत करनी होगी :–

1. दरों की यूनिट का किसी भी दशा में परिवर्तन नहीं किया जाना चाहिए तथा दरों का इन्द्राज अंकों व शब्दों दोनों में होना चाहिए।

2. निविदादाता आदेशित कार्य को या उसके किसी भाग को किसी अन्य एजेन्सी को न देगा ना ही उससे कार्य करवायेगा।

3. आदेशित कार्य उनके निर्धारित विशेष विवरणों के अनुसार बढ़िया (उत्तम क्वालिटी का ) होगा। सामान की किस्म के बारे में स्वीकृति प्रदान करने वाले प्रभारी का निर्णय अन्तिम होगा, जो निविदा देने वाले को मान्य होगा। यदि आपूर्ति की गई वस्तुऐं अनुमोदित नहीं की जाती है एवं इस प्रकार की वस्तुऐं रद्द करने योग्य है, या उसको परिवर्तन करने में यदि व्यय या हानि होगी, तो यह सब निविदादाता को वहन करनी होगी।

4. (अ) कार्य कराने वाला अधिकारी या उसका उचित रूप से प्राधिकृत प्रतिनिधि सभी उचित समय पर लाये जाने वाले माल, पदार्थ एवं उसकी किस्म आदि के बारे में जांच कराने की शक्ति रखेगा।

   (ब) निविदादाता अपने कार्यालय, गोदाम आदि का पूर्ण पता जहां सामान का निरीक्षण किया जा सके और उस व्यक्ति का नाम व पता व टेलीफोन, मोबाईल नम्बर आदि जिससे उस कार्य हेतु सम्पर्क किया जाये, आवश्यक रूप से देगा।

5. यदि अनुमोदित क्वालिटी, मैक या साईज से भिन्न माल उपयोग किया जाता है, तो रद्द किये जा सकेंगे तथा बिना अतिरिक्त मूल्य के एक निश्चित अवधि के भीतर तत्काल निविदादाता द्वारा बदलना होगा। यदि संस्थान हित में आवश्यकता के कारण उसमें परिवर्तन करना संभव नहीं होगा, तो ऐसे माल की उचित रूप से दर कम कर दी जायेगी। कार्य कराये जाने वाले अधिकारी द्वारा निश्चित की गई कीमत अन्तिम होगी।

6. सामान को लाने–ले जाने तथा निर्धारित स्थानों पर लगाने तक सामान में टूट–फूट, चोरी, आगजनी या अन्य किसी कारण हुई हानि की समस्त जिम्मेदारी निविदादाता की होगी।

एस. ... शाह
...
अधि...
उद्यम प्रोत्साहन संस्थान

7. निविदा अनुसार होने वाले समस्त कार्यों पर लगने वाले किसी भी प्रकार के कर/शुल्क/चार्जेज के भुगतान की जिम्मेदारी निविदादाता की होगी।

8. कार्य निर्धारित अवधि में पूर्ण करना होगा।

9. भुगतान हेतु बिल तीन प्रतियों में जीएसटी सहित प्रस्तुत करने होंगे। किसी प्रकार का अग्रिम भुगतान नहीं किया जायेगा

10. बोली प्रतिभूति उद्यम प्रोत्साहन संस्थान, जयपुर के नाम से बैंक ड्राफ्ट के रूप में जमा करानी होगी। बिना धरोहर राशि के किसी भी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

11. सफल निविदादाता/निविदादाताओं को नियमानुसार प्रतिभूति राशि नकद अथवा बैंक ड्राफ्ट द्वारा जमा करानी होगी, जिस पर कोई ब्याज देय नहीं होगा।

12. निविदा में प्रस्तुत दरें 31.03.2023 तक मान्य समझी जायेंगी।

13. कार्य करने में असफल रहने अथवा समय पर पूर्ण नहीं करने की अवस्था में सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियमों के अनुसार लिक्वीडेटेड डेमेज वसूल किया जायेगा व निविदादाता की रिस्क एण्ड कास्ट पर कार्य करवाया जा सकेगा।

14. अन्य शर्तें सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियमों के अनुसार मान्य होंगी। बिना कारण बताये किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदाओं या निविदा के किसी भी भाग को अस्वीकार किया जा सकता है।

15. निविदादाता के पास लाईट एवं लाईट डेकोरेशन का कार्य हेतु विद्युत निरीक्षक द्वारा जारी किया गया "ए" क्लास कॉन्ट्रेक्टर लाईसेंस होना अनिवार्य होगा।

16. निविदा कार्य संस्थान द्वारा स्वीकृत दरों पर एक से अधिक निविदादाताओं को आवंटित किया जा सकेगा, जिसे मान्य कराना होगा।

17. निविदा में कराये जाने वाले कार्य की मात्रा में कमी अथवा बढ़ोतरी करने का अधिकार निविदा स्वीकृतकर्ता अधिकारी के पास सुरक्षित हैं। निविदा के अतिरिक्त कराये गये कार्य जो कि परिशिष्ठ "ए" पर उल्लेखित हैं का चार्ज अतिरिक्त देय होगा।

18. कार्य को संतोषजनक रूप से संपादित कर पूर्ण किये जाने के 30 दिवस के भीतर कार्य सम्पादन प्रतिभूति निविदाकर्ता को लौटा दी जायेंगी। यदि कार्य संतोषजनक नहीं पाया जाता है तो कार्य सम्पादन प्रतिभूति जब्त की जा सकेगी।

एस. एन. शाह
अधिशाषी निदेशक
उद्यम प्रोत्साहन संस्थान

19. किये गये कार्य का इस हेतु गठित समिति द्वारा भौतिक सत्यापन की रिपोर्ट के आधार पर ही भुगतान किया जायेगा।

20. इस संबंध में समस्त न्याय क्षेत्र जयपुर होगा।

21. विवाद की स्थिति में आयुक्त, उद्योग एवं अध्यक्ष, उद्यम प्रोत्साहन संस्थान, जयपुर का निर्णय अन्तिम व मान्य होगा।

22. निविदादाता फर्म उपरोक्त प्रकार के कार्य का कम से कम 5 वर्ष का अनुभव रखती हो। निविदादाता फर्म के पास पेन नम्बर एवं जीएसटी रेजिस्ट्रेशन होना अनिवार्य है।

23. कार्यादेश मिलने के उपरान्त निर्धारित प्रपत्र में 500/– के स्टाम्प पेपर पर अनुबंध सम्पादित कराना होगा।

24. मेला परिसर में कार्यालय स्टाफ के लिये जल व्यवस्था निविदादाता की होगी। जिसका कोई अलग से कोई चार्ज नही होगा।

एस. [illegible] शाह
अधिशा[illegible] [illegible]शक
उद्यम प्रोत्साहन संस्थान

# G -SCHEDULE

टेण्टेज एवं डेकोरेशन हेतु :–

| क.सं. | कार्य का विवरण | अनुमानित संख्या/मांत्रा |
|---|---|---|
| 1. | टेबिल | 200 नग |
| 2. | टेबिल कवर | 200 नग |
| 3. | टेबिल फ्रील | 200 नग |
| 4. | कुर्सियॉ डल्लप | 300 नग |
| 5. | कुर्सी कवर | 300 नग |
| 6. | रैंक 6 खण्ड | 200 नग |
| 7. | कन्नात 7 x 15 | 100 नग |
| 8. | कुर्सियॉ प्लास्टिक | 200 नग |
| 9. | कारपेट लाल/हरा 5 फूट चौडा | 1500 फूट |
| 10. | कारपेट लाल/हरा 10 फूट चौड़ा | 1350 फूट |
| 11. | कारपेट वुलन 6 फूट चौड़ा | 900 फूट |
| 12. | तख्त/दीवान | 5 नग |
| 13. | गणेश प्रतिमा | 1 नग |
| 14. | दीपक स्टैण्ड | 1 नग |
| 15. | ट्रस मय कपड़ा मय फ्लावर डेकोरेशन | 1 नग |
| 16. | सीलिंग/टैण्ट/शामियाना 15 x 15 | 50 नग |
| 17. | 13 रंगों में कपड़े का डेकोरेशन 80 x 180 | 1 नग |
| 18. | वी.आई.पी. सोफे | 10 नग |
| 19 | सेंटर टेबिल सनमाईका/ग्लॉस टॉप | 5 नग |
| 20. | साईडवाल/मास्किंग सफेद 10 फूट ऊँचाई | 450 फूट |
| 21. | पानी के कैम्पर 20 लीटर (प्रतिदिन) | 10 नग |
| 22. | मेला परिसर में टैंट की अस्थायी दुकानें मय लाईट व फर्नीचर व्यवस्था सहित | 25 दुकान |

लाईट व्यवस्था :–

| क.सं. | कार्य का विवरण | अनुमानित संख्या/मांत्रा |
|---|---|---|
| 1. | हेलोजिन 500/1000 वॉट | 100 नग |
| 2. | मैटेलिक लाईट 400 वॉट | 80 नग |
| 3. | छोटे बल्ब की झालर | 300 नग |
| 4. | बड़े बल्ब की झालर | 150 नग |
| 5. | बार्डर बल्ब लड़ी | 100 नग |
| 6. | आर.जी.बी, एल.ई.डी लाईट (150 वॉट) | 20 नग |

एस. एस. शाह
अधिशाषी निदेशक
उद्यम प्रोत्साहन संस्थान

| | | |
|---|---|---|
| 7. | ट्यूब लाइट (40 वॉट) | 80 नग |
| 8. | पॉवर पाइंट प्लग | 100 नग |
| 9. | स्पॉट लाइट (50 वॉट) | 20 नग |
| 10 | एल.ई.डी स्ट्रीप लाइट | 190 मीटर |
| 11 | सिगल फेस सब–सर्विस लाईन up to-10mm 50 मीटर | 40 नग |
| 12 | थ्री–फेस सब–सर्विस लाईन up to- 100 meter | 8 नग |
| 13 | मैन केबल up to- 35 mm (50 meter) | 4 नग |
| 14 | मैन पैनल | 4 नग |
| 15 | जनरेटर 125 केवीए (4 घंटे मय डीजल प्रतिदिन) | 1 नग |
| 16 | जनरेटर 62 केवीए (12 घंटे मय डीजल प्रतिदिन) | 1 नग |

**साउण्ड व्यवस्था :–**

| क.सं. | कार्य का विवरण | अनुमानित संख्या/मांत्रा |
|---|---|---|
| 1. | एम्पलीफायर मशीन | 3 नग |
| 2. | कोर्डलैस माईक | 5 नग |
| 3. | बड़े स्पीकर टॉप (12 इंच/ 500 वॉट) | 6 नग |
| 4. | छोटे स्पीकर लाईनर/पेन्सिल स्पीकर | 20 नग |
| 5. | सी.डी. प्लेयर | 2 नग |
| 6. | कोर्ड माईक | 5 नग |
| 7. | पोडियम माईक/ कॉलर माईक | 5 नग |
| 8. | माईक स्टैण्ड | 2 नग |
| 9. | हॉर्न | 8 नग |
| 10 | लाईव मिक्सर | 1 नग |

एस. एस. शाह
अधिशासी निदेशक
उद्यम प्रोत्साहन संस्थान

परिशिष्ठ–ए

## निविदा के अतिरिक्त आईटम की दरें

| क.सं. | अतिरिक्त आईटम | प्रति नग/वर्ग फुट | दरें (रूपये में) |
|---|---|---|---|
| 1 | टेबिल मय कवर मय फ्रिल | प्रति नग | |
| 2 | कुर्सी प्लास्टिक | प्रति नग | |
| 3 | कुर्सी डल्लप मय कवर | प्रति नग | |
| 4 | कारपेट नॉन वूलन | प्रति वर्ग फुट | |
| 5 | कारपेट वूलन | प्रति वर्ग फुट | |
| 6 | मेटल लाईट 400 वॉट | प्रति नग | |
| 7 | हेलोजन 500 वॉट | प्रति नग | |
| 8 | सिंगल फेस सब. सर्विस लाईन | प्रति रनिंग फुट | |
| 9 | थ्री फेस सब. सर्विस लाईन | प्रति रनिंग फुट | |
| 10 | रैक्स (6 खण्ड) | प्रति नग | |
| 11 | पावर पाइन्ट बोर्ड | प्रति नग | |
| 12 | श्यामियाना/टेन्ट | प्रति वर्ग फुट | |
| 13 | पानी का केम्पर | प्रति नग | |
| 14 | एम्पलीफायर मशीन | प्रति नग | |
| 15 | कोर्डलैस माईक | प्रति नग | |
| 16 | बड़े स्पीकर टॉप (12 इंच/ 500 वॉट) | प्रति नग | |
| 17 | छोटे स्पीकर लाईनर/पेन्सिल स्पीकर | प्रति नग | |
| 18 | सी.डी. प्लेयर | प्रति नग | |
| 19 | कोर्ड माईक | प्रति नग | |
| 20 | पोडियम माईक/ कॉल्र माईक | प्रति नग | |
| 21 | माईक स्टैण्ड | प्रति नग | |
| 22 | हॉर्न | प्रति नग | |
| 23 | लाईव मिक्सर | प्रति नग | |

एस. एस. शाह
अधिशाषी [illegible]
उद्यम प्रोत्साहन संस्थान